अन्य विशेषताओं जैसे संसाधनों की स्थायी निधियों में भिन्नता, अवसंरचनात्मक सुविधाओं की उपलबधता में असमानता, भू-आकंतिक कारक तथा भौगोलिक दशाओं के कारण मन्दता आती हैं।

(ङ) नौवीं योजना के दृष्टिकोण पत्र ने सहकारी संघवाद के ढांचे का सुझाव दिया है जिसमें पड़ोसी राज्य समन्वित तरीके से, अपने-अपने पिछड़े क्षेत्रों के विकास हेतु साझा रणनीतियां अपनायेंगे। पिछड़े क्षेत्रों में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने तथा परिवहन एवं संचार के संदर्भ में सुधरी हुयी सम्पर्कता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र एवं शेष राष्ट्र के मध्य एकता की भावना में वृद्धि करने पर जोर दिया गया हैं;

गुजरात को आर्थिक सहायता

270. **श्री गोपाल सिंह जी0 सोलंकी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सरकार द्वारा प्रदान की गई सहायता धनराशि में केवल दस प्रतिशत की वृद्धि की गई थीं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान गुजरात को प्रदान की गई आर्थिक सहायता का ब्यौरा क्या हैं;

(ग) उक्त योजना के दौरान प्रत्येक राज्य के लिए वर्ष-वार कितनी सहायता धनराशि की वृद्धि की गई;

(घ) क्या उक्त वर्षों के दौरान औद्योगिक श्रम लागत सूचकांक लगातार बढ़ा हैं; और

(ङ) यदि नहीं , तो आठवीं पंचवर्षीय योजना के

दौरान उक्त औद्योगिक श्रम लागत सूचकांक में वर्ष-वार हुई वृद्धि-दर कितनी थी?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेशवर सवनूर) : (क) से (ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान गुजरात सरकार को योजना अवधि हेतु तय 995.05 करोड़ रू0 की राशि के मुकाबले 1385.49 करोड़ रू0 की केन्द्रीय सहायता प्रदान की गयी। सहमति स्तर की तुलना में केन्द्रीय सहायता में वास्तविक वृद्धि 39.23 प्रतिशत बैठती हैं, आठवीं योजना के दौरान राज्य को दी गयी निबल सामान्य केन्द्रीय सहायता के वर्ष वार ब्यौरे निम्ननुसार हैं;

वर्ष	निबल सामान्य केन्द्रीय सहायता (रू0 करोड़)
1992-93	174.79
1993-94	235.00
1994-95	246.69
1995-96	331.08
	1385.49

(ग)योजना आयोग राज्यों की वार्षिक योजनाओं को ब्लॉक अनुदान एवं ऋण प्रदान करता हैं, यह कोई सब्सिडी प्रदान नहीं करता हैं;

(घ) और (ड.) आठवीं योजना हेतु औद्योगिक श्रम लागत अनुक्रमाणिक उपलब्ध नहीं हैं, हालांकि, 1990-91 से 1992-93 हेतु उपलब्ध औसत औद्योगिक श्रम लागत निम्नुसार हैं;

वर्ष	प्रति श्रम दिवस की औसत श्रम लागत (रू0)
1990-91	109.09
1991-92	125.23
1992-93 (पी)	134.53

देश में गरीबी उन्मूलन की योजनाएं

271. **श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में गरीबी उन्मूलन के लिए सिंचाई जा रही योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा क्या हैं;

(ख) क्या यह सच हैं कि देश में चलाई जा रही गरीबी उन्मूलन योजनाओं का गरीब लोगों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) गत पांच वर्षों के दौरान इन योजनाओं के माध्यम से ऊपर लाए गए गरीब लोगों की संख्या कितनी हैं; और

(घ) उक्त योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं?